कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक/बे0शि0/ 9815–18 /2020–21 दिनांक 28.11.2020

कार्यालय ज्ञाप

प्रबन्धक, भरत राम ग्लोबल स्कूल, प्लाट नम्बर–5, केपी–3, ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर के प्रार्थना पत्र दिनांक 17.11.2020 द्वारा विद्यालय की मान्यता को स्थाई करने का अनुरोध किया गया है। इस कार्यालय के पत्रांक/मान्यता/4222/2015–16 दिनांक 28.03.2016 द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक अंग्रेजी माध्यम की मान्यता अंनतिम रूप से तीन वर्ष तक प्रदान की गयी थी। प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 419/79–6–2013–18 20)/91 दिनांक 08.05.2013 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08.05.2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी है:–

प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिए दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तो के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण हाने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गयी है तथा नवीन शासनादेश संख्या 89/अरसठ–3–2018–2041/2018 बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 11 जनवरी 2019 के प्राविधानित किया गया है कि एक वर्ष के पश्चात मान्यता से सम्बन्धित नियमों/शर्तो का पुनः परीक्षण किया जायेगा और आर0टी0ई0 के अनुसार विद्यालय के चलते रहने पर एक वर्ष पश्चात विद्यालय को स्थाई मान्यता प्रदान कर दी जायेगी।

उपरोक्त दोनों शासनादेश एवं प्रबन्धक, भरत राम ग्लोबल स्कूल, प्लाट नम्बर–5, केपी–3, ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ उपलब्ध कराये गये नवीनतम अभिलेखो के आधार पर भरत राम ग्लोबल स्कूल, प्लाट नम्बर–5, केपी–3, ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर जिसका मान्यता कोड GJHS-222 है की मान्यता को स्थायी माना जायेगा एवं भविष्य में मान्यता पत्रांक /मान्यता/4222/2015–16 दिनांक 28.03.2016 में उल्लिखित समस्त शर्तो/मानको का अनुपालन एवं शासन द्वारा जारी किये नवीन शासनादेश भी प्रभावी होंगे। विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

भवदीय,

(धीरेन्द्र कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

पृ0सं0/ बे0शि0/ /2020–21 उक्तवत।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक प्रथम मण्डल मेरठ।
2.खण्ड शिक्षा अधिकारी दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर।
3.प्रबन्धक, भरत राम ग्लोबल स्कूल, प्लाट नम्बर–5, केपी–3, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर।

(धीरेन्द्र कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

Manager
Bharat Ram Global School
Plot No-5, K.P.-III, Gr. Noida
G.B. Nagar (U.P.)

PRINCIPAL
Bharat Ram Global School
Greater Noida